वांडरिंग अल्बाट्रॉस

//

हाल के एक अध्ययन में **वांडरिंग अल्बाट्रॉस (Diomedea exulans-डायोमेडिया एक्सुलान्स)** की सुभेद्यता को उजागर करने के कारण यह प्रजाति चर्चा में है।

- वांडरिंग अल्बाट्रॉस **3.5 मीटर** के पंखों वाला सबसे बड़ा उड़ने वाला पक्षी है। यह अपने 60 वर्ष के जीवनकाल का अधिकांश समय समुद्र में बिताता है।
  - मुख्य रूप से दक्षिणी महासागर और आसपास के द्वीपों में पाया जाता है, जिसमें **मैरियन तथा प्रिंस एडवर्ड द्वीप समूह** दुनिया की आधी प्रजनन आबादी का समर्थन करते हैं।
  - यह यौन परिपक्वता तक पहुँचने के बाद लगभग हर दो साल में भूमि पर प्रजनन करता है।
- **IUCN की रेड लिस्ट** के अनुसार **यह सुभेद्य (vulnerable)** है,और मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों से मछली पकड़ने, प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन जैसे खतरों का सामना कर रहा है।
  - अल्बाट्रॉस गर्मी और उपयुक्त आवास के लिये निचले, तटीय स्थलों को पसंद करते हैं। जलवायु परिवर्तन **तापमान, वर्षा और हवा के पैटर्न** में परिवर्तन करके इन प्राथमिकताओं को बाधित कर सकता है।
  - **हवा की गति** संबंधी कारक घोंसला स्थल चयन के लिये महत्त्वपूर्ण है और गति में परिवर्तन **घोंसले के निर्माण तथा चूज़ों के पालन-पोषण** को प्रभावित कर सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/wandering-albatross